This question paper contains 3 printed pages]

JO—21—2023

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Third Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2023

(CBCS/New Pattern)

HINDI

Paper–IX

(आधुनिक कविता भाग I)

(Tuesday, 05-12-2023) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.L. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) "लो भाग अपना शीघ्र ही कर्तव्य के मैदान में,
हो वृद्ध परिकर दो सहारा देश के उत्थान में।
डूबे न देखो नाव अपनी है पडी मँझधार में,
होगा सहायक कर्म का पतवार ही उद्धार में।।" 10

अथवा

"तुम जरा मरण में चिर अशांत
जिसको अब तक समझे थे सब जीवन में परिवर्तन अनंत
अमरत्व वही अब भूलेगा तुम व्याकुल उसको कहो अंत
दु:खमय चिर चिंतन के प्रतीक! श्रद्धा-वंचक बनकर अधीर।"

P.T.O.

36D927E114BDE4171F7282E50CCCB0C6

(आ) “कहीं झरने, कहीं छोटी-सी पहाडी, 10

कहीं सुथरा चमन, नकली कहीं झाडी।

आया मौसिम, खिला फारस का गुलाब,

बाग पर उसका पडा था रोब-ओ दाब।।”

अथवा

“घिर रहे थे घुँघराले बाल अंस अवलंबित मुख के पास,

नील घनशावक-से सुकुमार सुधा भरने को विधु के पास।

और, उस मुख पर वह मुसक्यान! रक्त किसलय पर ले विश्वाम-

अरुण की एक किरण अम्लान अधिक अलसाई हो अभिराम।”

2. “ ‘भारत-भारती’ काव्य में अतीत का गौरव गान-वर्तमान की दुर्दशा और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।” सोदाहरण विशद कीजिए। 20

अथवा

“ ‘कामायनी’ मानव चेतना का महाकाव्य है।” स्पष्ट कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) ‘कामायनी’ का आनंद। 10

अथवा

‘भारत-भारती’ की भाषा।

(आ) कुकुरमुत्ता और सामाजिक चेतना। 10

अथवा

‘भारत-भारती’ का उद्देश्य।

36D927E114BDE4171F7282E50CCCB0C6

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(i) सुमित्रानंदन पंत का परिचय दीजिए।

(ii) भारतेन्दु हरिश्चंद्र के साहित्य की विशेषताएँ बताइए।

(iii) महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान को स्पष्ट कीजिए।

(iv) सुभद्राकुमारी चौहान का व्यक्तित्व एवं कृतित्व लिखिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(i) 'अंधेर नगरी' किसकी रचना है?

(ii) सुमित्रानंदन पंत का जन्म किस गाँव में हुआ?

(iii) निराला ने किस कवयित्री को हिन्दी के विशाल मंदिर की सरस्वती कहा है?

(iv) 'बिखरे मोती' किसका पहला कहानी संग्रह है?

(v) 'प्रियप्रवास' किस विधा की रचना है?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(i) 'ठेठ हिंदी का ठाठ'..की रचना है।

(ii) सुभद्राकुमारी चौहान की सबसे प्रसिद्ध कविता..............................है।

(iii) सुमित्रानंदन पंत का जन्म सन्......................................को हुआ।

(iv) महादेवी वर्मा....................................विद्यापीठ की प्रधानाचार्य थीं।

(v) भारतेंदु हरिश्चंद्र का जन्म..में हुआ।

36D927E114BDE4171F7282E50CCCB0C6